# चार मंजिला जर्जर पुरानी इमारत ढही, मलबे में दबने से पिता-पुत्री की मौत

## सुभाष चौक इलाके में हुआ हादसा, दो बच्चों समेत पांच घायलों को एस.एम.एस. अस्पताल में भर्ती कराया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जब सुभाष चौक थाना क्षेत्र में एक चार मंजिला जर्जर इमारत अचानक ढह गई। इस दर्दनाक घटना में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

हालांकि समय रहते सूचना मिलने पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक घायल महिला को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसके पति और मासूम बेटी को नहीं बचाया जा सका। दो बच्चों समेत पांच घायलों को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उपचार के बाद एक को छुट्टी दे दी गई। हादसा सुभाष चौक सर्किल स्थित बाल भारती स्कूल के पीछे हुआ। हादसे के दौरान मकान में बीस लोग मौजूद थे। मकान का पिछला हिस्सा गिरते ही तेरह लोग बाहर निकल गए थे।

### आधी रात का हादसा और त्वरित कार्रवाई

यह घटना शुक्रवार-शनिवार की देर रात घटी है। जब जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम से एसडीआरएफ कंट्रोल रूम को इमारत गिरने और लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना मिली। कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया के निर्देश पर एसडीआरएफ जयपुर की एच कंपनी की रेस्क्यू टीम एच-02 को तत्काल मौके पर रवाना किया गया। रेस्क्यू टीम प्रभारी मोहनलाल के नेतृत्व में नौ जवानों की टीम आधे घंटे के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गई। टीम ने पाया कि एक पुरानी हवेली भरभराकर ढह गई है। शुरुआती जानकारी में पता चला कि मलबे में 7 लोग दबे थे। जिनमें से वासुदेव (34), उनकी पत्नी सुकन्या (23) और बेटों सोनू (4), ऋषि (6) को रेस्क्यू करके हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था।



सुभाष चौक क्षेत्र में शनिवार को चार मंजिला जर्जर इमारत अचानक ढह गई।

### अत्याधुनिक तकनीक से सर्च ऑपरेशन

एसडीआरएफ की टीम ने सिविल डिफेंस के साथ मिलकर बाकी लोगों को खोजने के लिए एक गहन सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जवानों ने ध्वस्त इमारत में दबे लोगों की पहचान के लिए हेलिंग सर्च तकनीक का इस्तेमाल किया, जिससे मलबे के नीचे दबे होने की पुष्टि हुई।

इसके बाद जवानों ने सावधानी पूर्वक मलबे को हटाया और 30 वर्षीय श्रीमती सुमित्रा को बाहर निकाला। उन्हें गंभीर चोटें आई थीं, इसलिए तुरंत नजदीकी अस्पताल भेजा गया। बाद में सीएसएसआर उपकरणों की मदद से मलबे को और हटाया गया।

बचाव दल को मलबे में सुमित्रा के पति प्रभात (35) और उनकी 5 वर्षीय बेटी पीहू के शव मिले। यह परिवार पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के काशीपुर गांव के निवासी थे। टीम ने दोनों शवों को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सौंप दिया। इस घटना ने एक परिवार को तबाह कर दिया, लेकिन एसडीआरएफ जवानों की बहादुरी और त्वरित कार्रवाई ने कम से कम एक जान बचाने में सफलता हासिल की।







बिल्डिंग के मलबे में दबे घायलों को एस.डी.आर.एफ. की टीम ने बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया।

> ■ एस.डी.आर.एफ. टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मलबे में दबी महिला को सुरक्षित निकाला

सहायक पुलिस आयुक्त (माणक चौक) पीयूष कविया के अनुसार हादसे के बाद पूरे क्षेत्र को सुरक्षा कारणों से खाली करा लिया गया था । घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। सुभाष चौक में जहां यह हादसा हुआ, वहां करीब पांच से ज्यादा ऐसे मकान हैं जो जर्जर अवस्था में हैं। ऐसे में भविष्य में यदि तेज बारिश होती है तो किसी दूसरे मकान में भी हादसा हो सकता है।

वहीं प्रभात और उनका परिवार तीसरी मंजिल पर रहता था। दो साल से यहां किराए से रह रहा था। यह मकान शहाबुद्दीन नाम के व्यक्ति का है। इस पूरे मकान सिर्फ किराएदार रहते हैं। प्रशासन या नगर निगम ने जर्जर भवनों की जो सूची बनाई थी।

### मकान मालिक पर होगी कार्रवाई

हादसे के बाद हेरिटेज नगर निगम महापौर कुसुम यादव घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान पीड़ित परिवार से बात की। महापौर ने कहा कि अधिकारियों को सात दिन में हेरिटेज निगम में जर्जर भवनों की सूची बनाकर कार्रवाई करनी होगी। नहीं तो उन पर भी करवाई की जाएगी। जिस जर्जर भवन में हादसा हुआ। इसके मकान मालिक पर भी नियमानुसार कार्रवाई होगी।

### जर्जर बिल्डिंगों की फोटो व पत्र लिखा

विधायक अमीन कागजी कहा कि जर्जर मकान में बीस से ज्यादा लोग किराए पर रहते हैं। जो पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। बाकी लोगों को तौर पर पार्षद कार्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है। यह प्रशासन की लापरवाही है। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर को और अधिकारियों को एक पत्र लिखा था जिसमें कहा था कि परकोटे में जो जर्जर भवन है उनको आईडेंटिफाई किया जाए और उनको खाली कराया जाए। बहुत ज्यादा जर्जर बिल्डिंग हैं और जो बहुत ज्यादा पुरानी बिल्डिंग है जो गिरने की अवस्था में हैं। उनके फोटो भी भेजे थे ईमेल भी किया।

### जर्जर इमारतों की रिपोर्ट पुलिस से मांगी

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने बताया कि एक मकान गिरने से कुछ लोगों के दबे होने की सूचना थी। मौके पर एसीपी माणक चौक अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे थे। हादसे में दो लोगों की मौत हुई है जबकि पांच लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां वॉल सिटी एरिया में तंग गलियां है और यहां एक एंट्री अगर बंद हो तो दूसरी एंट्री से आने में काफी परेशानी होती है। यहां जो मंदिर का रास्ता है वहां से लोगों को रेस्क्यू किया गया था।

# शिक्षाकर्मियों को तय वेतन नहीं देने पर जवाब मांगा

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने 18 साल की सेवा पूरी करने के बावजूद शिक्षाकर्मियों को तय 51 हजार 600 रुपए का वेतन नहीं देने पर शिक्षा सचिव और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश जगदीश डिडेल व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता करीब 18 साल पहले शिक्षा विभाग में नियुक्त हुए थे। वहीं बाद में उन्हें पाठशाला सहायक बनाया गया। इसी तरह अन्य संविदा अध्यापक भी सालों से काम कर रहे हैं। राज्य सरकार ने 15 अप्रैल, 2023 को आदेश जारी कर 18 साल पूरी करने वाले ऐसे शिक्षाकर्मियों को 51 हजार 600 रुपए मासिक वेतन देना तय किया था। आदेश के तहत कई जगहों पर ऐसे शिक्षाकर्मियों को लाभ दिया जा चुका है, लेकिन याचिकाकर्ताओं को आज तक वेतन के तौर पर नाममात्र की राशि दी जा रही है।

# राजस्थान बनेगा देश का सबसे बड़ा डेयरी हब : मुख्यमंत्री

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौवंश केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समृद्धि और संस्कारों का मूल आधार है। हमें अपने जीवन के मांगलिक अवसरों पर गौ-सेवा का संकल्प लेना चाहिए ताकि सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से सशक्त समाज का निर्माण हो सके। वे शनिवार को विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर में श्री देवराहा बाबा गौ सेवा परिवार द्वारा आयोजित 'गौ आधारित वैश्विक शिखर सम्मेलन - गौ महाकुंभ' को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए 2791 करोड़ रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्रत्येक पंजीकृत गौशाला को प्रति गाय 50 रुपये और बछडों के लिए 25 रुपये प्रतिदिन की दर से सहायता दी जा रही है। प्रदेश की

> ■ भारतीय संस्कृति में गौवंश केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समृद्धि और संस्कारों का मूल आधार : भजनलाल शर्मा

100 गौशालाओं को गौ-काष्ठ मशीनें रियायती दर पर उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि 341 गौशालाओं में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया गया है। नंदीशाला सहभागिता योजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर निर्माण कार्यों के लिए 62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान को देश का सबसे बड़ा डेयरी हब बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। दुग्ध उत्पादकों को प्रति लीटर 5 रुपये का अनुदान दिया जा रहा है, जिससे औसतन 864 रुपये प्रति किलो फैट का मूल्य सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें से 468 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में हस्तांतरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 9 हजार रुपये कर दिया गया है। गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और अब तक 33 हजार से अधिक दुग्ध उत्पादकों को 3 लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान किया गया है। इस अवसर पर जयपुर जिला प्रमुख रमादेवी चौपड़ा, गौ महाकुंभ के चेयरमैन डॉ. लालसिंह, गौ संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि, गोपालक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# हैरिटेज होटल्स अतीत और वर्तमान के बीच सेतु : गजेन्द्र सिंह शेखावत

## कैसल कानोता में इंडियन हैरिटेज होटल्स एसोसिएशन के 12वें वार्षिक सम्मेलन का भव्य आगाज, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी रहीं मौजूद

**जयपुर** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि हैरिटेज होटल्स केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि अतीत और वर्तमान के बीच एक सेतु हैं। ये होटल्स हमारे कारीगरों को सम्मान देते हैं और युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराते है। उन्होंने यह बात शनिवार को कैसल कानोता में इंडियन हैरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) के 12वें वार्षिक सम्मेलन और 24वीं आमसभा को संबोधित करते हुए कही।

शेखावत ने कहा कि केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस दिशा में कार्य कर रही है कि हैरिटेज होटलों को न केवल पर्यटन योजनाओं का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए, बल्कि इनके संरक्षण के लिए विशेष इंसेंटिव्स और सर्टिफिकेशन सिस्टम को भी सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब राजस्थान को वैश्विक रोमांटिक हेरिटेज डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया जाए। इसके लिए जयपुर, शेखावाटी, उदयपुर, जोधपुर और आईएचएचए की 12 विशेष प्रॉपर्टीज को शामिल कर रोमांटिक हेरिटेज सर्किट बनाया जा सकता है, जो वेडिंग्स, फिल्म शूट्स, एमआईसीई और एक्सपीरिएंशल टूरिज्म के लिए विशेष रूप से आकर्षक हो। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके लिए स्वदेश दर्शन 2.0 और प्रसाद योजना से फंडिंग प्राप्त की जा सकती है।





केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कैसल कानोता में इंडियन हैरिटेज होटल्स एसोसिएशन के 12वें वार्षिक सम्मेलन में शिरकत की।

शेखावत ने हेरिटेज होटलों के आधुनिकीकरण के लिए हैरिटेज होटल मॉडर्नाइजेशन फंड की स्थापना और रोमांटिक हेरिटेज सर्टिफिकेशन शुरू करने की भी आवश्यकता जताई। वेडिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए टूलकिट तैयार करने का सुझाव देते हुए शेखावत ने कहा कि आईएचएचए को फिल्म बोर्ड्स के साथ जोड़कर डिजिटल स्टोरीज़ और डॉक्युमेंट्रीज़ को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। उन्होंने एसोसिएशन के सदस्यों से अपील की कि सभी होटल्स की ऑफिशियल मंजूरी और रिन्युअल्स समय पर करवाएं ताकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर पहचान मिल सके।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी सम्मेलन में भाग लिया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और अनुभव उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी नीतियां लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी में दी गई छूट से पर्यटन क्षेत्र को विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने राजस्थान की मेहमाननवाजी पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यहां मेहमान को भगवान के रूप में देखा जाता है। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान सरकार हेरिटेज संरक्षण के

> ■ गजेन्द्र सिंह ने कहा ''समय आ गया है जब राजस्थान को वैश्विक रोमांटिक हैरिटेज डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया जाए।''

लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि देश के कुल 206 हेरिटेज होटलों में से लगभग 140 केवल राजस्थान में स्थित हैं, जो प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और धरोहर का जीवंत प्रमाण हैं। आईएचएचए सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर जोधपुर राजपरिवार के गज सिंह, महासचिव कैप्टन गज सिंह अलसीसर, मान सिंह कानोता, विजय लाल, स्टीव बॉर्जिया, अमन नाथ, जोसे डोमिनिक सहित होटल और पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। दो दिवसीय इस सम्मेलन में हेरिटेज सेक्टर से जुडे विभिन्न मुद्दों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पर्यटन, विरासत संरक्षण, रोजगार, सांस्कृतिक पहचान और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। राजस्थान की धरोहरों और पर्यटन की दिशा में भविष्य की रणनीतियों पर भी मंथन होगा।

# दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर एक लाख रुपए ठगे

**जयपुर** । करधनी थाना इलाके में अश्लील वीडियो कॉल से ब्लैकमेलिंग कर एक लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर कॉल कर धमकाया । इस संबंध में पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया।

जांच अधिकारी एसआई चन्द्रभान सिंह के अनुसार थाना इलाके रहने वाले 52 वर्षीय व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि गत दिनों पहले वह घर पर था और रात उसके मोबाइल पर वाट्सएप वीडियो कॉल आया। कॉल उठाने पर एक युवती अश्लील हालत में दिखाई दी। वह अश्लील भाषा में बात करने और इशारे करने के लिए उकसाने लगी। गलत हरकतें देखकर वॉट्सऐप कॉल काट दिया। इसके बाद अगले दिन एक व्यक्ति का कॉल आया और कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद का नाम गौरव मल्होत्रा दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी होने की बताते हुए कहा कि एक लड़की ने उसके खिलाफ शिकायत दी है कि उसने आपत्तिजनक वीडियो भी बना रखा है। जो आधे घंटे में वायरल

> ■ अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग की

होने वाला है। सामाजिक बदनामी और कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर धमकाते हुए वीडियो डिलीट करने को कहा। वीडियो डिलीट कराने के लिए वॉट्सऐप पर एक मोबाइल नंबर भी भेजा। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति का फोन आया कि आपने रात को वॉट्सऐप पर किसी लड़की से बात की थी। हमने आपकी वीडियो रिकॉर्डिंग कर रखी है। दोनों ने डरा-धमकाकर 1.08 लाख रुपए ले लिए। बैंक अकाउंट में रुपए खत्म होने पर परिचित से 15 हजार उधार लेकर भेजे थे। यू-ट्यूब से वीडियो डिलीट करने की एक रसीद भी भेजी गई। इसके बाद क्राइम ब्रांच अधिकारी बताने वाले गौरव मल्होत्रा ने दोबारा कॉल किया। कहने लगा कि वह लड़की मर चुकी है। उसके घरवालों से सेटलमेंट करो। बार-बार कॉल कर डरा-धमकाकर 3.50 लाख रुपए की मांग करने लगा। इस तरह की साइबर ठगी का पता चलने पर पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया।

# कांग्रेस 15 सितंबर से एक माह चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

**जयपुर** । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेशभर में 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक एक माह का हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान चुनाव आयोग द्वारा चुनावों में पारदर्शिता समाप्त करने और आम आदमी के वोट के अधिकार पर हो रहे प्रहार के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर देशभर में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार राजस्थान में यह हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है।

## सार-समाचार

### 'ज्ञानदीप 2025' का हुआ आयोजन



**जयपुर** । शिक्षक दिवस के अवसर पर समाज में शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को सरहाने और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा का महत्व समझाना के लिए लायंस क्लब जयपुर डायमंड ने 'ज्ञानदीप 2025' का आयोजन अजमेर रोड स्थित एक होटल में किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े अनेक शिक्षकों और विद्वानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे राजस्थान के शिक्षा मंत्री, मदन दिलावर तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी जगदीश चंद्र तथा अध्यक्ष, जयपुर व्यापार महासंघ, सुभाष गोयल और ओ.पी. अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। क्लब की अध्यक्ष ममता पंचोली, सचिव प्रीति सक्सेना, कोषाध्यक्ष अनुप्रा शर्मा, चार्टर मेंबर्स, सुधीर जैन, तेजेंद्र गर्ग और अजय अग्रवाल ने सभी अतिथियों और उपस्थित शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और इस कार्यक्रम को ज्ञान व सम्मान की एक अविस्मरणीय संध्या बताया। कार्यक्रम में आर. एस. मदान, आलोक अग्रवाल, अशोक जिंदल, अजय डोगरा, पराग श्रीवास्तव, प्रवीण जैन और शुभम शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। इस मौके पर शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सुनीता बियोत्रा, डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा, इकबाल कुरैशी, जफर इकबाल, देवेंद्र कुमार भगत, गोविंद सैनी, निमिषा भट्ट, ममता शर्मा, डॉ. मीतू माथुर, डॉ. कल्पना रावत, प्रो. कनिका वर्मा, प्रो. रेशम बूलचंदानी, प्रो. शुभा दुबे, मीता माथुर, रेनू शर्मा, धीरज शर्मा, विमला कुमावत, डॉ. दीपा सचदेवा, डॉ. अनुराग प्रसाद, डॉ. दीपिका विजयवर्गीय, हेमलता शर्मा, डॉ. रीमा शाह, डॉ. दीपक शर्मा, प्रभा शर्मा, डॉ. पूनम धवन सहित कई अन्य शिक्षकों को 'ज्ञानदीप सम्मान' से नवाजा गया।

### अध्यक्ष उमेश सोनी का जन्मदिवस मनाया



**जयपुर** । माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष उमेश सोनी का 56वाँ जन्म दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधुओ के बीच उमेश सोनी का मालार्पण व साफा पहना कर स्वागत किया गया। जन्मदिवस के शुभ अवसर पर उमेश सोनी ने कहा कि हमारी टीम के कार्यकाल के दौरान समाज में नए नवाचारों की स्थापना होगी । इस अवसर पर चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता (खटोड़) सतीश सारडा, राजरूप मालू, एडवोकेट मनीष गगरानी, कंचन सोनी, नेहल सोनी, पूनम भाला, स्नेह लता साबू अविनाश लड्ढा, आलोक माहेश्वरी सहित काफ़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों ने शिरकत की ।

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन आज

**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय पंचवर्षीय विधि महाविद्यालय (यूएफवाईएलसी) द्वारा 13वीं रांका मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 सितंबर 2025 तक किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आपराधिक कानून से संबंधित समकालीन विधिक मुद्दों पर केंद्रित है। इसमें 17 राज्यों से 70 दल भाग ले रहे हैं, जिनमें पंजाब, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, दादरा एवं नगर हवेली, बिहार आदि शामिल हैं। नेपाल से भी एक अंतरराष्ट्रीय दल प्रतिभाग कर रहा है। उद्घाटन समारोह राजस्थान विश्वविद्यालय के ह्यूमैनिटीज़ हॉल में 6 सितंबर को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति जे. के. महेश्वरी (न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. न्यायमूर्ति पुष्पेन्द्र सिंह भाटी (न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय) तथा विशेष अतिथि कुलदीप रांका (अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान रहे। इस अवसर पर डॉ. संजुला थानवी (डीन, विधि संकाय, यूओआर), न्यायमूर्ति जे. के. रांका (उपाध्यक्ष, रांका पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट), प्रो. अल्पना कटेजा (कुलपति, यूओआर) और श्री सिद्धार्थ रांका (सचिव, रांका पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट) भी उपस्थित रहे। यूएफवाईएलसी की निदेशक डॉ. अंकिता यादव ने अतिथियों का स्वागत किया।

### झोटवाड़ा में विज्ञान शिक्षा को नई उडान

**जयपुर** । झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में अब विज्ञान की पढ़ाई स्थानीय स्तर पर ही सुलभ होगी। कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के सतत प्रयासों से क्षेत्र के इन विद्यालयों में विज्ञान संकाय की नियुक्ति की गई है। इससे न केवल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, बल्कि उन्हें विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के बेहतर अवसर भी प्राप्त होंगे। कर्नल राठौड़ ने कहा कि यह नियुक्तियां सिर्फ एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। उन्होंने कहा कि झोटवाड़ा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के छात्रों को अब विज्ञान की पढ़ाई के लिए दूसरे इलाकों में नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय, संसाधन और ऊर्जा की बचत के साथ-साथ शिक्षा में निरंतरता भी बनी रहेगी। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में विज्ञान संकाय की यह नियुक्ति झोटवाड़ा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान जैसे विषयों में गहराई से अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इस पहल से लाभान्वित होने वाले विद्यालयों में महलां की ढाणी (पचार), चक बावड़ी (सरणा डूंगर), खीरवा (लोहारवाड़ा), बेगस, बोयथावाला, धानक्या, आसलपुर, भैंसावा, कालवाड़, करणसर और जोबनेर के विद्यालय शामिल है।

### 11 शिक्षकों का सम्मान किया

**जयपुर** । हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रांत स्तर पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 11 विशिष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की स्वागताध्यक्ष डॉ. ममता शर्मा ने बताया कि यह सम्मान उन शिक्षकों को समर्पित है जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। सम्मानित शिक्षकों में प्रो. प्रहलाद सहाय बुनकर (संस्कृत), प्रो. मीरा सिंह (अंग्रेजी), प्रो. हेतराम मीणा (लोक प्रशासन), प्रो. रश्मि वशिष्ठ (राजनीति विज्ञान), प्रो. सौरभ शर्मा (इतिहास), प्रो. भावना शर्मा (राजनीति विज्ञान), प्रो. किरण जैफ (भूगोल), डॉ. सौरभ पहाड़िया (अर्थशास्त्र), सपना यादव (अंग्रेजी), डॉ. दुर्गा गहन (हिंदी) और संगीता बुनकर (हिंदी) शामिल रहे। सभी शिक्षकों का माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. केशव बढ़ाया, कुलाधिपति, छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय, मुंबई ने कहा कि शिक्षक समाज का प्रकाश स्तंभ होता है। शिक्षक ही अज्ञानता के अंधकार को दूर कर विद्यार्थियों को नैतिकता, अनुशासन और ज्ञान का मार्ग दिखाते हैं।

### बीएसएनएल केबल चुराने वाला पकड़ा

**जयपुर** । जालुपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएसएनएल विभाग की केबल चोरी करने वाले मुख्य आरोपी को धर-दबोचा है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित बडी वारदात को अंजाम देकर पश्चिमी बंगाल भागने की फिराक में था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जालुपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएसएनएल विभाग की केबल चोरी करने वाले मुख्य आरोपी रहीफुल शेख निवासी मोथा बाड़ी जिला मालदा (पश्चिम बंगाल) हाल भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब्दुल अलीम, फिटु शेख, मोहम्मद गयास को गिरफ्तार किया जा चुका है।